# प्राचार्य का कार्यालय
# राजकीय चिकित्सा महाविद्यालय, बेतिया, पश्चिम चम्पारण।

1713/ 15/11/2024

## निविदा आमंत्रण सूचना

राजकीय चिकित्सा महाविद्यालय, बेतिया, पश्चिम चम्पारण के विभिन्न विभागों के लिए आवश्यक **Medical Education Journals** वित्तीय वर्ष 2024–25 हेतु निर्माता या अधिकृत विक्रेता से लिफाफा पद्धति द्वारा तकनीकी एवं वित्तीय निविदा अलग–अलग लिफाफे में सील करके मुहरबन्द निविदा, निविदा प्रकाशन की तिथि से 21वें दिन 05:00 बजे अपराह्न तक निबंधित डाक/स्पीड पोस्ट के माध्यम से आमंत्रित की जाती है। दोनों अलग–अलग लिफाफा के ऊपर क्रमशः "**तकनीकी निविदा Medical Education Journals**" एवं "**वित्तीय निविदा Medical Education Journals**" लिखा होना चाहिए एवं इन दोनों लिफाफे को एक बड़े लिफाफे अन्दर डालकर उसे सील करके उसके ऊपर "**निविदा : Medical Education Journals हेतु 'राजकीय चिकित्सा महाविद्यालय, बेतिया, पश्चिम चम्पारण, बेतिया**" लिखा होना चाहिए। **दोनों का तकनीकी एवं वित्तीय निविदा अलग–अलग होगी।**

21वें दिन अगर किसी प्रकार का अवकाश रहता है या किसी अपिरहार्य कारण से प्राचार्य कार्यालय बन्द रहता है, तो उसके अगले दिन शाम 05:00 बजे तक निविदा प्राप्त की जायेगी। उपर्युक्त दिए गए अवधि के पश्चात् प्राप्त निविदा पर विचार नहीं किया जाएगा एवं स्वतः रद्द समझा जाएगा। निविदा प्राप्ति के अंतिम तिथि के एक दिन पश्चात् दुसरे दिन (उदाहरण स्वरूप :– अगर निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि 15 तारीख हो तो 17 तारीख को खोली जाएगी) कार्यालय कार्य दिवस एवं कार्य अवधि में तकनीकी निविदा, क्रय समिति के समक्ष 12:00 बजे दिन में खोली जाएगी, जिसमें आप स्वयं या आपके द्वारा प्राधिकृत्त प्रतिनिधि, प्राधिकार–पत्र एवं पहचान पत्र (आधार कार्ड) के साथ भाग ले सकते है। निविदा के नियम एवं शर्तें प्रथम प्रकाशन की तिथि से 21 दिनों के अन्दर किसी भी कार्य दिवस के दिन कार्यालय अवधि में अद्योहस्ताक्षरी कार्यालय से प्राप्त कर सकते है। इसे संस्थान के वेबसाइट www.gmcbettiah.org पर भी देखा/डाउनलोड किया जा सकता है।

| क्र० सं० | मदवार निविदा का नाम | अग्रधन की राशि |
|---|---|---|
| 1. | a. Medical Education Journals निविदा | रू० 50,000/– |

15.11.24

प्राचार्य
राजकीय चिकित्सा महाविद्यालय,
बेतिया, पश्चिम चमपारण।

15/11/2024

# नियम एवं शर्तें

**निविदा दो प्रकार की होगी :– (1) तकनीकी निविदा (2) वित्तिय निविदा।**

**(क) तकनीकी निविदा की शर्तें :–**

निविदा के साथ निम्न कागजात के स्व–हस्ताक्षरित एवं पृष्ठांकित प्रति निम्न क्रमानुसार संलग्न रहना चाहिए:–

1. निविदा कम्प्यूटराईज्ड होना चाहिए तथा निर्माता, अधिकृत विक्रेता को पूर्ण स्थायी एवं पत्राचार का पता दूरभाष सं०, मोबाईल नं०, ई–मेल आई०डी०, वेबसाइट आदि का ब्यौरा देना अनिवार्य होगा।
2. निविदादाता को उल्लेखित अग्रधन राशि (EMD) का बैंक ड्राफ्ट, जो राष्ट्रीयकृत वाणिज्यिक बैंकों द्वारा निर्गत **प्राचार्य राजकीय चिकित्सा महाविद्यालय, बेतिया, पश्चिम चम्पारण के पक्ष में देय हो**, की मूल प्रति संलग्न करना अनिवार्य होगा। बैंक ड्राफ्ट की स्कैन कॉपी मान्य नहीं होगी। EMD की राशि निविदा के साथ प्रस्तुत नहीं किये जाने पर आपकी निविदा अस्वीकृत कर दी जाएगी।
3. निर्माता/अधिकृत विक्रेता का PAN कार्ड की स्वहस्ताक्षरित छायाप्रति।
4. निर्माता/अधिकृत विक्रेता को वस्तु एवं सेवा कर के अंतर्गत अनिवार्य रूप से कराये गए, GST निबंधन का स्वहस्ताक्षरित छायाप्रति।
5. किसी भी राज्य सरकार/केन्द्र सरकार/अन्य प्रतिष्ठान को निम्नलिखित कंडिका के साथ Notarised शपथ पत्र मूलप्रति में जमा करना होगा, जो निम्न है :–
   a. निविदा में दिये गये सभी शर्त्त मुझे मान्य है।
   b. मेरे फर्म को किसी भी सरकारी/गैर सरकारी संस्था द्वारा कभी भी काली सूची में दर्ज नहीं किया गया है।
   c. मेरे फर्म का नाम कभी भी किसी अपराधिक मामला के दर्ज नहीं है तथा न्यायलय द्वारा दंडित नहीं किया गया है।
   d. निविदा में अंकित दर बाजार मूल्य/मुद्रित मूल्य से अधिक नहीं है। आपूर्ति आदेश निर्गत करने के पूर्व चयनित आपूर्तिकत्ताओं को एक शपथ–पत्र देना होगा कि निविदा में उनके द्वारा उद्धृत दर सही है और बाजार दर के अन्तर्गत है; यदि भविष्य में अंकित किया गया दर अधिक प्रमाणित होता है तो अधिक राशि मेरे यानि (निविदा दाता) द्वारा सूद सहित वापस कर दी जाएगी।
6. भारतीय श्रम अधिनियम के तहत Bihar Shops and Establishment Act के अन्तर्गत एजेन्सी/संस्थान द्वारा अनिवार्य रूप से कराए गए निबंधन की स्वहस्ताक्षरित छायाप्रति।
7. GST के अन्तर्गत मार्च–2024 माह के लिए दाखिल विवरणी की स्वहस्ताक्षरित छायाप्रति।
8. एजेन्सी/फर्म/एन०जी०ओ० द्वारा तीन वित्तीय वर्ष 2021–22, 2022–23, 2023–24 का आयकर रिटर्न निविदा से साथ संलग्न करना होगा।
9. निविदा में अंकित Journals का का सम्पूर्ण विवरणी तकनीकि निविदा में वर्णन करना अनिवार्य होगा।
10. आपूर्ति की जान वाली सभी Journals का मूल प्रति होनी चाहिए।
11. सभी Journals नवीनतम संस्करण का होना चाहिए।
12. Duplicate (Journals) आपूर्ति किये जाने पर आपके फर्म का नाम काली सूची में दर्ज कर दी जाएगी।

**(ख) वित्तीय निविदा की शर्तें**

**वित्तीय निविदा के साथ संलग्न करने वाले अनिवार्य आवश्यक कागजात की सूची** :–

1. वित्तीय निविदा में कार्यालय द्वारा उपलब्ध कराई गई सूची के अनुसार क्रमवार दर का उल्लेख करना होगा।
2. वित्तीय निविदा में अंकित की गई दर जी०एस०टी० रहित एवं जी०एस०टी० सहित अंकित करना होगा।
3. निविदा के तकनीकी शर्तों को पूरा करने वाले न्यूनतम दर दाता ($L_1$) को अपूर्ति आदेश निर्गत किया जायेगा। न्यूनतम दर दाता द्वारा समान की आपूर्ति नहीं करने पर द्वितीय न्यूनतम दर दाता ($L_2$) को नियमानुसार आपूर्ति आदेश निर्गत की जाएगी।

15.11.24

प्राचार्य,
राजकीय चिकित्सा महाविद्यालय,
बेतिया, पश्चिम चम्पारण।

15/11/2024

# List of Medical Education Journals

1. Medical Teacher
2. Medical Education
3. Academic Medicine
4. The Clinical Teacher
5. BMC Medical Education

PRINCIPAL
Govt. Medical College
Bettiah, West Champaran